बरेली, शुक्रवार
21 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 4 : BOTTOM

# हरदोई स्ट्राइकर्स और आईके ने जीते मैच

### एकतरफा मुकाबले में आइकि कलेक्शन ने गज ग्रीन को 8 विकेट से हराया

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (20 Feb):** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन के तीसरे दिन गुरुवार को ग्रुप सी में हरदोई स्ट्राइकर्स और ओएसिस क्रिकेट एकेडमी बरेली के बीच और ग्रुप ए में आईके कलेक्शन बरेली और गज ग्रीन्स बरेली के बीच मैच खेल गया. बार बार बारिश के बाधा डालने की वजह से अंपायरों ने दोनों मैच को 20 के स्थान पर 17-17 ओवर का निर्धारित किया. इसमें हरदोई स्ट्राइकर्स ने ओएसिस क्रिकेट अकेडमी को एक रन से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की. जबकि एकतरफा मैच में आईके कलेक्शन ने गज ग्रीन बरेली को 8 विकेट से हराया.




## विशाल राज मैन ऑफ द मैच

पहले मैच में सिर्फ दो ओवर में 5 विकेट लेने वाले हरदोई के गेंदबाज विशाल राज को और दूसरे मैच में तीन विकेट लेने वाले आईके कलेक्शन के गेंदबाज पर्व सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया. एसआरएमएस ईजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को बारिश से प्रभावित होने के चलते दोनों मैचों में व्यवधान पड़ा. इससे कुछ देर से शुरू हुए टूर्नामेंट के पांचवें मैच में ओएसिस क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीत कर हरदोई स्ट्राइकर्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. पहले ही ओवर में राहुल कुमार ने शेखर राणा को शून्य पर क्लीन बोल्ड कर अपनी टीम ओएसिस को पहली सफलता दिलाई. हालांकि इसके बाद भी हरदोई स्ट्राइकर्स ने 7 विकेट खोकर 145 रन का स्कोर खड़ा किया. जवाब में ओएसिस क्रिकेट एकेडमी ने संभल कर खेलना शुरू किया और चार विकेट के नुकसान पर 14 ओवर में 142 रन बना लिए. लेकिन इसी बीच जीत की ओर बढ़ रही ओएसिस के बल्लेबाज हर्षित को अंकुश ने 14.5 वें ओवर में बोल्ड कर दिया. अब तीन ओवर में ओएसिस को जीत के लिए 4 रन बनाने थे और उसके पांच खिलाड़ी बाकी थे. लेकिन यहां भी उसका खेल विशाल राज ने बिगाड़ दिया. जिन्होंने अगले ओवर में चार खिलाड़ियों को अपना शिकार बनाया और ओएसिस के हाथ से मैच खींच जीत अपनी टीम के नाम कर दी. ओएसिस के 6 खिलाड़ी जीत के लिए चार रन नहीं बना सके और पूरी टीम 144 रन पर पैवेलियन लौट गई.

### दोपहर में हुआ छठा मैच

टूर्नामेंट का छठा मैच ग्रुप ए की आईकि कलेक्शन बरेली और गज ग्रीन्स बरेली के बीच दोपहर में शुरू हुआ. टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए गज ग्रीन बरेली ने 8 विकेट के नुकसान पर 119 रन बनाए. इसमें लक्ष्य शर्मा (27 रन, 26 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का), तरुण सिंह (11 रन, 15 गेंद, 1 चौका), अर्पित गुप्ता (15 रन, 12 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का), अक्षत नामदेव (13 रन, 16 गेंद, 1 चौका) और सार्थक शर्मा (33 रन, 16 गेंद, 5 चौके, 1 छक्का) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया. जवाब में आईके कलेक्शन ने तेजी से खेलना शुरू किया और 11.1 ओवर में 121 रन बना 8 विकेट से जीत हासिल की. हिटर (35 रन, 18 गेंद, 4 चौके, 2 छक्के), आर्यन (63 रन, 41 गेंद, 8 चौके, 3 छक्के) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया. गज ग्रीन के 3 खिलाड़ियों को आउट करने वाले आईके कलेक्शन के गेंदबाज पर्व सिंह को मैन आफ द मैच घोषित किया गया. टूर्नामेंट में आज सातवां मैच सुबह 9 बजे हाईटेक हॉस्पिटल वाराणसी बनाम स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली (ग्रुप बी) के बीच होगा.